टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

जगावतरणम्
JANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

जनवरी–मार्च, 2019

संपादकीय

प्रिय पाठको,

आप सब को होली के बाद चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई। गृह पत्रिका गंगावतरणम् का जनवरी–मार्च 2019 अंक कतिपय महत्वपूर्ण, रोचक व पठनीय जानकारी के साथ आप लोगों के समक्ष प्रस्तुत है। हम आशा करते हैं कि आप लोग इसे पसंद करेंगे। विगत अंक में खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के संबध में विस्तृत जानकारी परियोजना प्रमुख के साक्षात्कार के तौर पर प्रस्तुत किया गया। यह साक्षात्कार खुर्जा परियोजना के बारे में जानकारी के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस परियोजना से कारपोरेशन को देश में थर्मल पावर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। वर्तमान में कारपोरेशन का हाइड्रो पावर के क्षेत्र में वर्चस्व है। पवन ऊर्जा का भी उत्पादन हो रहा है तथा सोलर पावर में भी कदम बढ़ा चुके हैं। इस प्रकार कारपोरेशन के कार्यक्षेत्र का विविधीकरण प्रगति पर है।

कारपोरेशन के बढ़ते कार्यक्षेत्र के साथ ही हम लोगों का उत्तरदायित्व भी अधिक बढ़ गया है। कारपोरेशन की महत्वपूर्ण गतिविधियों को प्रचार–प्रसार के माध्यम से पाठकों तक पंहुचाने में कारपोरेट संचार विभाग का विशेष योगदान होता है। इस योगदान को हम तभी बखूबी निभा सकते हैं कि जब आप सब का वांछित सहयोग मिलता रहे। हमारा अनुरोध है कि कारपोरेशन की उपलब्धियों से संबंधित समाचार समय–समय पर हमें सचित्र उपलब्ध कराते रहें जिसे हम आप के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

गृह पत्रिका में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, महिला मंडल की गतिविधियों, खेलकूद से संबंधित समाचारों को प्राथमिकता दी गयी है। राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों, सांस्कृतिक व कलात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पुरस्कार व अन्य उपलब्धियों को विशिष्ट स्थान दिया गया है।

यह कहावत सही है कि **"अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता"**। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये संयुक्त प्रयास की जरूरत है। हमें पूर्ण उम्मीद है कि संपादक मंडल अपने प्रयासों से पत्रिका को पठनीय व रूचिकर बनाने का सतत् प्रयास करेगा तथा पाठको की कसौटी पर खरा उतरेगा।

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
संपादक

CONTENTS

Director (P) Message 1
Prime Minister Inaugurates KSTPP 2
THDC paid Dividend to Government of India 3
THDC paid Dividend to Government of UP 3
Sec. (Power), GoI visits SHEP, Jhansi 4
MoU between THDCIL & PGCIL 6
MoU between THDCIL Management & Workmen Union 7
CVO visits Tehri & Koteshwar Projects 8
Amisha Chauhan's Mt. Everest Summit 9
CSR Innovation & Leadership Award - 2019 9
THDC Ladies Club Programmes 10
International Women's Day 12
Stress Management Programme for Women 13
National Productivity Week 14
In Conversation with GM (S&E) 16
IEEE PES GTD Asia - 2019 20
Exhibition at Intermediate College Tehri 20
Officer's Club Programme 21
CSR & Sustainability Programme 21
Breast Cancer Programme 22
Medical Camp at KHEP 22
CISF Mock Drill at Tehri Power House 23
Safety Week by CISF at KHEP 23
25 Farm Machinery Bank 24
Sewa THDC Programme 24
Dhyan Yoga Programme 25
Cycle Rally 25
ICPSU Cricket Tournament 26
Inter Unit Volleyball Tournament at KHEP 26
PRP, SAT & World Bank Visit at VPHEP 27
Programme on Compliance of CLRA 27
HRD Trainings 28
Success Story of Sewa THDC 30
Hindi Karyashala 33
Sahyog Committee works 34
Diabetes Mellitus & its Oral Management 35
Retirement List 36
Brij Tournament 37
Congratulations 37
Death List 37

सम्पादक मंडल

मुख्य संरक्षक
श्री डी.वी. सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

संरक्षक
श्री विजय गोयल
निदेशक (कार्मिक)

संपादक
डॉ. ए.एन. त्रिपाठी
उप–महाप्रबंधक
(कार्मिक–नीति व का.स.)

संयुक्त संपादक
श्री कमिल देव प्रसाद दूबे
वरिष्ठ प्रबंधक (कारपोरेट संचार)

समन्वयक

ऋषिकेश
श्री जाकिर हुसैन
वरि. ज.स. अधिकारी

कोटेश्वर
श्री आर.डी. ममगाई
वरि. ज.स. अधिकारी

कौशाम्बी
श्री बी.एस. चौहान
जनसम्पर्क अधिकारी

टिहरी
श्री मनवीर नेगी
उप प्रबंधक (जनसम्पर्क)

वीपीएचईपी
श्री बी.एस. उनियाल
वरि. ज.स. अधिकारी

खुरजा
श्री दिनेश वर्मा
वरि. प्रबंधक (कार्मिक)

निदेशक (कार्मिक) की कलम से...

प्रिय साथियों,

सर्वप्रथम मैं आप सभी को सहर्ष बधाई देता हूं कि हमारे बहुप्रतीक्षित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट (660X2=1320 मेगावाट) का शिलान्यास 09 मार्च, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा ग्रेटर नोयडा में आयोजित एक भव्य समारोह में विधिवत रूप से कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि हमारे खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट को सार्वजनिक निवेश बोर्ड (Public Investment Board) की मंजूरी के बाद एक रिकार्ड समयावधि में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs) की संस्तुति मिलना हमारे लिए एक अच्छी बात है। इसके बाद हम सबकी यह जिम्मेदारी बनती है कि हमें अपनी पूरी लगन के साथ दिन–रात मेहनत करके इस परियोजना को समय पर पूरा करना होगा और अपनी उपस्थिति थर्मल के क्षेत्र में भी दर्ज करानी होगी।

जैसा कि आप सभी को विदित है कि जनवरी से मार्च 2019 का समय कॉरपोरेशन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा, जिसमें मुख्यतः अधिकारियों के वर्ष 1997 के वेतनमान की विसंगति एक लम्बी अवधि से चली आ रही थी को प्रधानमंत्री के स्तर की अनुमति के बाद सुलझ गयी है, जो हम हमारे लिए बहुत बडी उपलब्धि है।

टीएचडीसी के पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों के वर्ष 2017 के वेतनमान भी इसी अवधि में लागू कर नये वेतनमानों के अनुसार भुगतान कर दिया गया है। इन नये वेतनमान को लागू करने मे टीएचडीसी प्रबन्धन के सहयोग के लिए टीएचडीसी पर्यवेक्षक व कर्मचारी संगठन बधाई के पात्र हैं।

आज हम सब के समक्ष अपनी–अपनी कार्य क्षमता के अनुसार कार्य निष्पादन का सुनहरा अवसर है। मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूं कि आप अपनी क्षमता व कौशल का पूर्ण सदुपयोग करते हुए अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। **"योगः कर्मशु कौशलम्"** – अर्थात, अपने–अपने कार्य में कुशलता ही योग है। भगवान श्रीकृष्ण के इस कथन को हम सभी को अपनाने की आवश्यकता है।

कॉरपोरेशन मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अपनी पूरी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। इसके अन्तर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए समय–समय पर विभिन्न तकनीकी व गैर–तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विशेषकर यह ध्यान रखा जाता है कि हम अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को समय की मांग के अनुरूप हर प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे उनकी कार्यकुशलता निरन्तर बढ़ती रहे। यहां पर मै आपको यह भी बताना चाहता हूं कि किसी भी कम्पनी के लोगो की क्षमता को मापने का पैमाना "लोग क्षमता परिपक्वता मॉडल" (People Capability Maturity Model) होता है और इसके पैमाना स्तर 1 से 5 तक है। हमारी कॉरपोरेशन ने "लोग क्षमता परिपक्वता मॉडल" के स्तर 3 को प्राप्त कर लिया है जो एक सराहनीय स्तर है।

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के क्षेत्र में भी हमारी कॉरपोरेशन बहुत प्रशंसनीय कार्य कर रही है। इस दौरान 07 मार्च 2019 को कृषक समूहों को फार्म मशीनरी हेतु रूपये 15 लाख की लागत से कृषि यंत्र उपलब्ध करायें गये। ऋषिकेश में तपेदिक से ग्रसित 15 असहाय निर्धन बच्चों को **"नन्द तू राजी रैया"** कार्यक्रम के अन्तर्गत पौष्टिक आहार की व्यवस्था के साथ अनेक सहायता सामग्री उपलब्ध करायी गयी। स्वस्थ भारत अभियान के अन्तर्गत टिहरी के डोब नगर तथा हरिद्वार के पथरी को हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्राली सहित रूपये 43 लाख की सहायता सामग्री उपलब्ध करायी गयी।

इस अवधि मे कॉरपोरशन में अनेक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किये गये इनमें कार्मिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का उल्लेख किया जा सकता है। जैसे, 12 से 15 जनवरी 2019 तक **"स्वस्थ भारत यात्रा"** के अन्तर्गत साईकिल रैली, अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 20 से 27 फरवरी 2019 तक ध्यान शिविर का आयोजन इंटरनेशनल पिरामिड सेंटर ऋषिकेश के सहयोग से किया गया। दिनांक 01 मार्च 2019 को आदरणीय ब्रहम श्री पितामह पत्री जी द्वारा एक दिवसीय ध्यान योग कार्यशाला का आयोजन सभी कर्मचारियों हेतु किया गया। इस प्रकार के कार्यकर्मों के आयोजन से अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों को तनाव रहित जीवन जीने में सहायता मिलती है।

सधन्यवाद,

भवदीय

विजय गोयल

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया

खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल श्री डी.वी. सिंह

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महत्वाकांक्षी खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, 1320 मेगावाट (660 मे.वा. x 2) को Public Investment Board (PIB) की मंजूरी के बाद 07 मार्च, 2019 को Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) की संस्तुति मिली तथा परियोजना का शिलान्यास 9 मार्च, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार श्री नरेन्द्र दामोदार दास मोदी के द्वारा ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित एक भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगी आदित्यनाथ, माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार श्री महेश शर्मा, विद्युत सचिव, भारत सरकार श्री ए.के. भल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल श्री डी.वी. सिंह, निदेशक (तकनिकी) श्री एच.एल. अरोड़ा, निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल तथा कारपोरेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि खुर्जा परियोजना उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में स्थित है। इस परियोजना पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना के लिए अमिलिया कोल माइन का आवंटन भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है। परियोजना को पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड द्वारा संस्तुति मिल गई है। टीएचडीसी के व्यापार विविधीकरण की दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगी। कोयले से विद्युत उत्पादन की दिशा में कारपोरेशन की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

भारत सरकार को अंतरिम लाभांश

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 की वित्तीय उपलब्धियों के आधार पर भारत सरकार को अंतरिम लाभांश रूपये 314.75 करोड़ माननीय केन्द्रीय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री आर.के. सिंह को टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा विद्युत मंत्रालय में 07.03.2019 को सचिव ऊर्जा श्री अजय कुमार भल्ला की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (एनसीआर) श्री यू.सी. कन्नौजिया, महाप्रबंधक (एस.पी.) व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार को अंतरिम लाभांश

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 की वित्तीय उपलब्धियों के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार को अंतरिम लाभांश रूपये 108.36 करोड़ दिया। लाभांश का चेक टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा श्री अलोक कुमार (आईएएस), प्रमुख सचिव(ऊर्जा), उत्तर प्रदेश सरकार को लखनऊ में 27.03.2019 को प्रदान किया गया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम है। इसमें भारत सरकार को 75 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश सरकार की 25 प्रतिशत की सहभागिता है।

Secretary (Power), GoI visits

Sh. A.K. Bhalla is being greated by Sh. D.V. Singh & Sh. H.L. Arora

Sh. A.K. Bhalla holding a meeting regarding progress of the project

Sh. A.K. Bhaila, Hon'ble Secretary (Power), GoI and Sh. D.V. Singh, Chairman and Managing Director, THDCIL visited Dhukwan SHEP (3x8 MW=24 MW) on 24.03.2019. They were accompanied by Sh. H.L. Arora, Director (Technical) and Sh. R.K. Vishnoi, ED (Design). Sh. Harender Wadhwa, GM (Project) welcomed the above dignitaries and their respective spouses at Dhukwan SHEP.

ED (Design) made a short presentation on progress

Plantation activity

Dhukwan SHEP, Jhanshi

of the project followed by project visit starting from Dhukwan Weir, Approach Channel, HRC Intake, Spill Channel Power Intake & Power House. Sh. Bhalla expressed his gratitude and desired to make consistent efforts for planned commissioning of Unit- 1 by July 2019.

He assured all assistance from Govt. of India for timely completion of the Project. After site visit, saplings were also planted at Guest House premises of Dhukwan SHEP.

Site visit

MoU between THDCIL & PGCIL

THDC India Ltd. has entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with Power Grid Corporation of India Limited (PGCIL), a Central Public Sector Undertaking on 28th March 2019 for "Diversion of 03 Nos. High Voltage Transmission lines of POWERGRID beyond boundary of Amelia Coal Mine Project of THDCIL" with an estimated cost of Rs. 100.63 Crores. Details of HT lines to be diverted are as follows:

1. 400 kV D/C Vindhachal - Jabalpur, Ckt # 3&4 Tr. Line.
2. 400 kV D/C Vindhyachal - Santa, Ckt # 1&2 Tr. Line
3. 400 kV D/C Vindhyachal - Santa, Ckt # 3&4 Tr. Line

The MoU was signed at THDC India Limited NCR Office Kaushambi (Ghaziabad) by Shri U.C. Karnaujia, Genral Manager (NCR), THDC India Ltd. and Shri Abhinav Verma, Sr. General Manager (Business Development), PGCIL

The Amelia Coal Mine, Singrauli, MP is alloted under the Coal Mines (Special Provisions) Act. 2015 to THDCIL by Ministry of Coal, GoI for the implementation of Khurja STTP (2x660 MV) at Bulandshahar (UP). THDCIL is committed for the development of the Mine is synchronization with the commissioning of Khurja STPP.

Shri Sanjay Singhal , AGM (Coal/Railway Sidding), Shri Vijay Kumar, DGM (Coal), Shri Gopal Garg, Sr. Manager (Coal) & Shri Manish Bokalia, Dy. Manager (Coal) from THDCIL and Shri L.B. Dubey, Chief Manager & Shri Sudhanshu Upadhyay, Asst. Manager from PGCIL were present on the occasion.

MOU between THDCIL Management & Workmen Unions

Determining the Wages and Benefits Structure for Workmen w.e.f. 01.01.2017

The revision of wages for the non executive grade in THDCIL was due from 01.01.2017. The first formal meeting of the wage negotiation committee and the representatives of the unions in connection to information sharing was held on 10.09.2018. Further meetings of the Wage Negotiation Committee were held on 20.12.2018, 21.02.2019 and 22.02.2019. After extensive deliberations, protracted discussion and negotiation a broad agreement on the wage structure has been reached on which Memorandum of Understanding between THDC India Ltd Management & Workmen Unions of THDC India Ltd was signed on 22.02.2019.

On behalf of the management of THDC India Ltd , Shri A.B. Goel, GM(F&A), Shri N.K. Prasad, AGM (P&A), Shri Veer Singh, AGM (P&A), Shri B.K. Sinha, DGM (P&A), Shri Ajay Kumar, DGM (F&A), Dr. A.N. Tripathy , DGM(P-Policy) and Shri Mukesh Verma , Sr. Manager (IR) were signatory to the MOU.

On behalf of the Workmen Unions of THDC India Ltd following were signatory to the MOU

THDC Workmen Union Representatives

- Shri Y.B. Bhandari
- Shri Ramchandra Rawat
- Shri Veer Singh Rawat
- Shri Govind Singh Raj
- Shri J.P. Semwal
- Shri K.L. Vyas
- Shri Vinod Uniyal

THDC Shramik Sangh

- Shri Anand Singh Rawat
- Shri Sanjeev Vishnoi
- Shri Kuldeep Singh Rawat
- Shri B.D. Joshi
- Shri Rajesh Raturi
- Shri Ram Sewak
- Shri Jaswant Singh Rawat
- Shri Deshraj Thakur

THDC Helper/ Chalak Karamchari Union

- Shri Trilok Singh Rawat
- Shri Krishn Pal Singh Bisht
- Shri Surender Singh Negi

THDC ITI Takniki Karamchari Sangh

- Shri Jyoti Ram Dangwal
- Shri Sajid Hassan
- Shri Rajender Kumar

Tehri Jal Vikas nigam limited Karamchari Union

- Shri Yogesh Pal
- Shri Khalil Rehman

मुख्य सतर्कता अधिकारी का टिहरी व कोटेश्वर परियोजना दौरा

26 मार्च 2019 को टीएचडीसीआईएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी.गुप्ता टिहरी परियोजना का निरीक्षण करने के लिए टिहरी पहुचें। अतिथि गृह पहुँचने पर अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री एस. आर. मिश्रा ने गुलदस्ता प्रदान कर श्री गुप्ता का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (पी.एस.पी) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबन्धक (स्टेज प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर, अपर महाप्रबन्धक (कार्मिक व प्रशासन) श्री वीर सिंह, महाप्रबन्धक (सतर्कता) श्री कुमार शरद, उप महाप्रबन्धक (सतर्कता) श्री आर.पी. रंगा आदि उपस्थित रहे।

मुख्य सतर्कता अधिकारी ने टिहरी एच.पी.पी. के विभिन्न कार्य स्थलों व टिहरी जलाशय, भुमिगत पावर हाउस तथा अन्य कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। निर्माणधीन टिहरी (पी.एस. पी) में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करके कार्य में प्रगति की जानकारी ली। महाप्रबन्धक ओ.एण्ड एम. श्री सजीव आर. ने भूमिगत पावर हाउस तथा विद्युत उत्पादन, मशीनों के रखरखाव से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी मुख्य सतर्कता अधिकारी को उपलब्ध कराई। श्री बी.पी. गुप्ता ने 28 मार्च, 2019 को कोटेश्वर परियोजना का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक परियोजना श्री ए.के. अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री गुप्ता का स्वागत किया। श्री गुप्ता ने परियोजनाओं के निर्माण कार्यों एवं इनसे विद्युत उत्पादन की सराहना की।

इस अवसर पर श्री डी.एस. गुसाई, श्री एम.के. राय श्री अभिषेक गौड़, श्री ए.आर. गैरोला, श्री एस.के साहू, श्री एस. एस. पंवार, श्री वाई. एस. राठौर सहित टीएचडीसी के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

"Quote-
Unquote"

"Live as if you were to die tomorrow. Learn as if you were to live forever."

Mahatma Gandhi



पर्वतारोही बेटी सुश्री अमीषा चौहान टीएचडीसी द्वारा प्रोत्साहित

टीएचडीसीआईएल ऋषिकेश के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत उत्तराखंड की बेटी सुश्री अमीषा चौहान के माउंट ऐवरेस्ट अभियान पर जाने के अवसर पर श्री एच.एल. अरोड़ा (निदेशक तकनीकी) श्री शैलेन्द्र सिंह महाप्रबंधक (सी.एस.आर.) ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अभियान में आने वाले व्यय में सेवा –टीएचडीसी द्वारा कुल रूपये 3.00 लाख योगदान दिया गया। पर्वतारोही सुश्री अमीषा चौहान ने 29 मार्च 2019 को ऐवरेस्ट विजय अभियान शुरू किया। सुश्री चौहान ने अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात मात्र 02 वर्ष के अंतराल में अफ्रीका महाद्वीप की सबसे उंची चोटी मॉउंटकिल्ल मंजारों एवं यूरोपीय महाद्वीप की सबसे उंची चोटी मांउन्ट एलब्रीज को सफलता पूर्वक फतह कर लिया है। 29 मार्च से अमीषा पुनः किसी भी पर्वतारोही के सबसे बड़े स्वप्न माउंट ऐवरेस्ट फतह की अभियान पर है।

श्री एच.एल. अरोड़ा, निदेशक (तकनीकी) सुश्री अमीषा चौहान को प्रोत्साहित करते हुए

श्री अरोड़ा एवं श्री सिंह ने सुश्री चौहान को शुभकामानाओं के साथ उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर श्री पी.के. नैथानी श्री डी.एल.भट्ट, श्री राजेश्वर गिरि, श्री सुनील साह, श्री विपिन थपलियाल, श्री नरेश बहुगुणा, श्री अनिल भट्ट, श्री सूरज अग्रवाल, श्री ओमवीर एव अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

THDC bagged CSR Innovation & Leadership Award - 2019

वर्ष 2018 में भारत में कार्यरत विभिन्न संस्थानों के अभिनव एवं उत्कृष्ठ सीएसआर कार्यों को सम्मानित करने हेतु 01 अप्रैल 2019 को पीएचडी चैम्बर, नई दिल्ली में इंडिया सीएसआर पुरस्कार – रिकॉगनाईजिंग सीएसआर इनोवेशन एण्ड लीडरशिप समारोह का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में टीएचडीसी को टिहरी जनपद में उत्तराखंड स्वास्थ विभाग के साथ संयुक्त रूप से चलायी जा रही 'टेलीमेडिसन' परियोजना हेतु सम्मानित किया गया। टेलीमेडिसन तकनीक में स्वास्थ्य उप केन्द्रों में चिकित्सा हेतु आने वाले मरीजों की जॉच रिपोर्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों को इन्टरनेट के माध्यम से लाईव वीडियों कॉल के माध्यम से प्रेषित की जाती है। रिपोर्ट की जॉच करने पर चिकित्सक ऑन लाईन ही स्वास्थ्य उप केन्द्र में तैनात फार्मेसिस्ट/तकनीशियन को मरीज की बीमारी के अनुरूप दवा की जानकारी देता है। टीएचडीसी द्वारा वर्तमान में ऐसे कुल 20 केंद्र चलाये जा रहे हैं। शीघ्र ही 20 अन्य केंद्र चलाये जाने के लिये कार्यवाही गतिमान है।

निगम की ओर से इस सम्मान को श्री शैलेंद्र सिंह, महाप्रबन्धक (सामाजिक एवं पर्यावरण) द्वारा प्राप्त किया गया।

टीएचडीसी महिला क्लब

होली मिलन

20 March 2019, Rishikesh

Sports Day

17 January 2019, Rishikesh

की मनोरंजक गतिविधियाँ

Movie Screening

31 January 2019, Rishikesh

International Women's Day

08 March, 2019

टिहरी में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

08 मार्च 2019 को टिहरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के अनुसार अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री एस आर. मिश्रा, महाप्रबन्धक (पी.एस.पी.) श्री के. पी. सिंह, महाप्रबन्धक (पी.एस.पी./ई.एम.) श्री एस. एस. पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती नवनीत किरन, श्रीमती नमिता डिमरी द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती नवनीत किरन ने श्री मिश्रा का स्वागत किया तथा महिला दिवस, महिलाओं के विकास, सुरक्षा, सशक्तिकरण के बारे में अवगत कराया। श्री मिश्रा ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में महिलाओं द्वारा विभिन्न कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। देश की महिलाओं ने आजादी से लेकर अब तक विभिन्न क्षेत्रों में आगे आकर देश का प्रतिनिधित्व किया है और कर रहीं हैं। उन्होंने भारत की प्रसिद्ध महिलाओं के योगदान से प्रेरणा लेने की बात कही। श्री मिश्रा ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा, उत्थान एवं विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारे देश की महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

इस अवसर पर टीएचडीसी की महिलाओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति, पंजाबी, गढ़वाली आदि गानों के साथ नृत्य प्रस्तुत किये। डॉ. कीर्ति कुमारी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र रानीचौरी टिहरी गढ़वाल एवं सुश्री सृष्टि चौहान स्वर्ण पदक विजेता नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2019 द्वारा महिला सुरक्षा सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती कुसुम त्रिवेदी, श्रीमती नीरज सिंह, श्रीमती स्वाती व्यास, श्रीमती सुभी माहेश्वरी, श्रीमती ज्योति मीणा, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती सरला डबराल, श्रीमती साधना त्यागी, श्रीमती अल्का, श्रीमती बसंती सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीरज सिंह द्वारा किया गया। डॉ. श्रीमती नवनीत किरन ने कार्यक्रम के समापन पर महिला दिवस के आयोजन के लिए प्रबंधन वर्ग का आभार व्यक्त किया।

International Women's Day at HRD Rishikesh

On the Occasion of International Women'sday, Corporate HRD organised a Women Empowerment program titled "Empowering the Woman in You" for a mix group of Women Executives and Non- Executives posted at Rishikesh . The theme for the International Women's day,2019 was "Think Equal, Build Smart, innovate for Change". The theme focussed on Innovative ways in which we can look forward towards gender equality and the Empowerment of Women. Ms. Rashmi Wadhwa, a Practising Psychologist & Corporate Trainer was the

Resource person of the program. She encouraged the women employees to broaden their horizons and deliberated on the issues & Challenges related to Women.

महिलाओं के लिए तनाव प्रबंधन पर ट्रेनिंग प्रोग्राम

टीएचडीसी के टिहरी में 18 फरवरी 2019 को एक दिवसीय तनाव प्रबंधन (Stress Management) कार्यशाला का आयोजन किया गया। परी फाउंडेशन देहरादून से संकाय सदस्य डॉ. गोपाल सोनामनी ने अपने व्याख्यान में बताया कि महिलायें दोहरा दायित्व निभाती हैं। उन्होंने घर एवं कार्यस्थल पर सामंजस्य बिठाने एवं तनाव को कम करने लिए टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में इंटर्नल कम्पलेंट कमेटी (आई.सी.सी.) एवं (WIPS) की आतंरिक सदस्य डा. नवनीत किरन, कु.श्वेता सिंह, श्रीमती सरला डवराल, श्रीमती नीरज सिंह सहित 43 महिलाओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय उत्पादकता

कारपोरेशन के कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश, परियोजना कार्यालय टिहरी, कोटेश्वर एचईपी, वीपीएचईपी, दुकवां, खुर्जा एसटीपीपी, सम्पर्क कार्यालय कौशाम्बी में 12 से 18 फरवरी 2019 तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

ऋषिकेश

राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का शुभारम्भ श्री मुहर मणि, महाप्रबन्धक (ओ.एम.एस.,क्यु.ऐ एवं सुरक्षा), ऋषिकेश द्वारा किया गया। इसके उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 13 फरवरी 2019 को एक विशेष वार्ता एवं प्रस्तुतीकरण (Presentation) का आयोजन किया गया। एक सेमिनार भी आयोजित किया गया। श्री एस.पी.सिंह, सचिव (उत्तराखंड उत्पादकता परिषद) द्वारा "उत्पादकता एवं सततता के लिये सरकुलर इकोनॉमी" (Circular economy for Productivity & Sustainability) पर व्याख्यान दिया गया।

इस अवसर पर श्री एन.के. प्रसाद, अपर महाप्रबन्धक (का. एवं प्रशा.), श्री एस.के. शर्मा, अपर महाप्रबन्धक (ओ.एम. एस.), श्री ए.एस.वर्मा, श्री ए.के. सिंह, श्री मुकेश वर्मा, श्री सुधीर कुमार लखेड़ा आदि उपस्थित रहे। विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबन्धक (संविदा) श्री संदीप सिंघल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

टिहरी

उत्पादकता सतर्कता समारोह टिहरी परियोजना कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्कूल के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। Circular Economy for Productivity and Sustainability विषय पर आयोजित वार्ता में केन्द्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय बादशाहीथौल के एसोसिएट प्रोफसर श्री के.के. वर्मा ने व्याख्यान दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागी

कार्मिकों एव छात्र–छात्रओं को अधिशासी निदेशक (टी.सी) श्री एस.आर. मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक (ओ.एंड.एम.) श्री सजीव आर. महाप्रबन्धक स्टेज (प्रथम) श्री यू.के.ठाकुर, उपमहाप्रबंधक (विद्युत) श्री वी.के.शर्मा वरि प्रबन्धक (का. एवं प्रशा.) श्री एस.वी. प्रसाद, उपप्रबन्धक मनबीर सिंह नेगी सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सप्ताह का आयोजन

खुर्जा एसटीपीपी

खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 12 से 18 फरवरी 2019 तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ श्री एस.पी. सिंह महाप्रबन्धक (परियोजना) द्वारा किया गया।

श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। रीसायकल किये जाने वाली वस्तुओं के प्रयोग करने तथा प्लास्टिक से बने थैले का व अन्य वस्तुओं के प्रयोग में न लाने पर जोर दिया। श्री सिंह ने कपड़े के बैग घरेलु समान लाने –ले जाने हेतु कर्मचारियों एवं अधिकारियों को वितरित किये तथा प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुस्स्कृत किया।

वीपीएचईपी

विष्णुगाड पीपलकोटी एचईपी अलकनन्दापुरम, सियासैण कार्यालय में दिनांक 11 से 16 फरवरी 2019 तक उत्पादकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपमहाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.) श्री बी. के. सिंह द्वारा किया गया। उत्पादकता सप्ताह में नारा एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों व अधिकारियों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया।

कौशाम्बी कार्यालय

सम्पर्क कार्यालय कौशाम्बी में 12 से 18 फरवरी 2019 तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ श्री यू.सी. कनौजिया महाप्रबन्धक (एसपी) द्वारा किया गया। Circular Economy for Productivity and Sustainability विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को किया गया। इससे पहले 13 फरवरी को नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री कनौजिया ने अर्थव्यवस्था के विकास में उत्पादकता सप्ताह के योगदान के विषय में बताया तथा इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री एस.एम. सिद्दकी तथा श्री आर.के. मीना आदि उपस्थित रहे।

THDCIL's focus of CSR activities is Holistic Development

Sh. Shailendra Singh, GM (S&E), right, and Sh. K.D. P. Dubey, Sr. Mgr. (CC/PR) during discussion

Sh. Sailendra Singh GM (S&E) highlighted the important activites of Social and Environment Department with special focus on Corporate Social Responibility (CSR) of THDCIL during discussion with Sh. Kapil Deo Prasad Dubey, Sr. Manager (Corporate Communication) on a cup of tea.

The discussion hightlights the concept and history of CSR, journey of CSR, on goving activities and future plans under CSR of THDCIL, role of SEWA-THDC and other NGO's as well as various environmental issues and its management etc. The Interview in detail follows as under:-

Q. Kindly highlight in brief the concept of Corporate Social Responsibility (CSR).

Ans. Corporate Social Responsibility (CSR) has always been an integral part of Indian civilization with varying names in one and other forms in different times, cultures, religions, province etc. The word "CSR" started emerging among business houses in last few decades as business strategies worldwide. It is basically a Company's commitment to operate in an economically, socially and environmentally sustainable manner, while recognizing the interests of its stakeholders. Similarly, some of the business houses were practicing CSR in India of their own in the form of philanthropic activities, but it got momentum with the issue of guidelines related to CSR, Community & Sustainable Development by Department of Public Enterprises, GoI in April, 2010 onwards for profit making organizations including public sector enterprises.

As a socially responsible organization, THDCIL started its CSR journey prior to DPE Guidelines in the year 2007 with philanthropic activities like distribution of Sweaters, items of community utility such as utensils, chairs and tents etc. in Tehri Project affected villages. Gradually, it took structured shape with learning by experience and subsequent CSR related guidelines and charitable activities turned into sustainable livelihood activities to make villagers self sustained in long run. Now THDCIL has a well structured CSR & sustainability Policy-2015 in place conforming to Companies Act- 2013 and subsequent guidelines for guiding its CSR program.

Q. What is the role of your department in fulfilling CSR as well as environmental & other social responsibilities of the organization?

Ans. Social & Environment Department acts as an interface between the organization and stakeholders such as the society and the Govt. in true sense. It is basically a reflection of organization's human face while dealing in CSR and responsible corporate entity while ensuring minimal adverse environmental impacts of its business operations on project surroundings. THDCIL has huge stakeholder base i.e. Govt., elected public representatives and around 400 surrounding villages of Tehri project and relocation sites in district Haridwar and Dehradun. Accordingly, the pressure of stakeholder aspiration is huge and is a major challenge to accommodate within the limited CSR fund. The responsibility of S&E Deptt. not ends here but further extends to align its CSR programme with company's business operation as strategic CSR.

Awareness towards social and environmental issues has

# of Targeted Communities

increased rapidly in present times. Project developers have pressure from funding agencies and Govt. Agencies to follow global practices as well as meeting expectations towards legal & regulatory requirements. Creation of hostile atmosphere against the developmental projects by some of the NGOs & other organizations for vested interests and gaining popularity is a bitter truth these days, which often misleads the stakeholders/ regulatory authorities and ultimately results in time and cost overrun. Almost every major project has to undergo a tiring & repetitive process of legal & technical examinations before coming on the ground. In above circumstances, role of S&E Deptt. becomes more sensitive & crucial to satisfy all stakeholders without compromising commercial interests of the organization.

The department has a lead role in dealing with Environmental and Rehabilitation & Resettlement (R&R) issues and remains closely associated with all phases of project development right from obtaining statuary clearances, policy formulation, preparation of Environment Impact Assessment reports & implementation of Environment Management and R&R Plans, their monitoring and acting as an interface for communicating between the projects and regulatory bodies including reporting.

Q. Let us know the budget of the S&E Department especially for CSR as well as Environment and its utilization by highlighting the important works done so far in these fields.

Ans. As per Companies act 2013 and THDCIL CSR & Sustainability Policy-2015, we are bound to allocate 2% of company's average net profit of immediately preceding three years for CSR activities. The annual CSR budget for FY 2018-19 was Rs. 17.35 Cr. and tentative budget for FY 2019-20 is Rs. 20 Cr. approx. Our CSR budget is not sufficient to meet huge aspirations of stakeholders. Hence, additional fund requirement is being met by converging various Govt. schemes and partnering with likeminded organizations. THDCIL's focus of CSR activities is holistic development of targeted communities rather than addressing needs of the stakeholders in piecemeal with special emphasis on promoting education, health, skill and rural/agriculture based livelihood sectors.

Whereas, budget provision for implementation of environment and rehabilitation & resettlement action/ management plans is mainly made in the DPR of respective projects. However, budgetary provision for pre DPR activities like impact assessment and other studies and preparation of action/management plans is made at corporate level.

Our flagship CSR projects are:

- Established "THDC Institute of Hydro Power Engineering & Technology" at a cost of Rs. 60 Cr., which caters around 1400 students in different disciplines & years of engineering.
- Running three schools at Tehri, Koteshwar and Rishikesh having 876 students with free of cost uniform, books & stationary, bus service, mid day meal etc. at an annual cost of approx. Rs. 6 Cr.
- Running three long term holistic development projects in more than 70 villages of Tehri Project affected villages through reputed Govt. Universities.
- Successfully completed solar based lighting project in UP & Uttarakhand (170 Solar High Mast Lights and 375 Solar Street Lights in Unnao & Lucknow Cantt and Sitarganj).
- Implemented ambitious LED based lighting project in Ganga Ghat areas Rishikesh at a cost of Rs. 5.67 Cr

comprising installation of 16 new high mast lights, repair & conversion of 6 old high mast lights & 136 conventional street lights into energy efficient lights and beautification of Laxman Jhula, Ram Jhula & Parmarth in Swargashram area and Shiv Murti, Chariot & Fountain at Triveni Ghat with façade lights.

- Established Credit Cooperative Society at Lambgaon, Tehri exclusively for women with seed money of Rs. 10 lac for meeting their small livelihood related credit needs.
- Supported 156 Govt. schools of district Tehri with furniture for facilitating seating to more than 7000 students & other electronic educational aids in the FY 2017-18.

- Running an Allopathic Dispensary in remotest village Deengaon of district Tehri since 2014 with MBBS Doctor & paramedical staff, minor OT, X-ray, pathology, on call ambulance and free medicine etc. benefiting more than 15000 population of surrounding 40 villages.
- Established 28 (3 in village Pathri, Haridwar and 25 in different villages of district Tehri) Farm Machinery Banks for agriculture equipments pooling converging Govt. scheme.
- Established 20 telemedicine centers in remote villages of district Tehri leveraging technological advancement. Process of establishing 20 more centers is underway.
- Toilet construction.
- SC/ST hostel at NTT.
- Hostel at ITI Chamba.
- Supporting ANM trainees, ITI trainees and HM trainees.

Major achievements in the field o Environment protection and its up gradation

- Every action counts when the topic is environment. Our team at project is implementing various project specific activities across various project locations. Major achievements accomplished so far are in Tehri Power complex, which includes treatment of 52,204 ha degraded forest land under Catchment Area Treatment Plan, Development of Botanical Garden in an area of 14.28 ha. adjacent to the Tehri Reservoir and development of Mahseer fish hatchery at village Khand near Koteshwar Project having capacity of producing 3 lakh fingerlings per annum. Similarly, some project specific measures have been proposed in VPHEP and are under progress. As an innovative feature, online monitoring system of Rehabilitation Action Plan has been successfully added to VPHEP.

Q. Highlight in brief the role of different important NGOs associated with the organization in fulfilling the targets of CSR.

Ans. As a matter of principle, THDCIL gets its all CSR programmes implemented through company sponsored society "SEWA-THDC" except two schools at Tehri and Rishikesh being run through another company sponsored society "THDC Education Society (TES)". SEWA-THDC further engages different prestigious Universities, Govt. Deptts. and NGOS for execution of the projects as per their strength and area expertise. Universities have been preferred for implementation of long term holistic development projects covering more than 70 villages to have research based approach for improved practices. Infrastructure projects are preferably being implemented through Govt. agencies having mandate and technical competencies for similar works. While, NGOs are engaged for implementation of people centric CSR projects based on their strength, experience and track record.

Q. Let us know the important future plans being undertaken in the fields of CSR and Environment.

Ans. The focus of CSR in future is on livelihood enhancement through watershed treatment projects, and farmer centric activities like establishment of farm machinery banks, promotion of off seasonal vegetable through poly house, dairy farming etc. under convergence model. Extension of health services is another thrust area for future CSR intervention both in terms of quantity and quality. Coverage of allopathic treatment facility is to be extended to new remote areas through telemedicine project. For quality treatment, AIIMS, Rishikesh has been roped in for multispecialty medical camps and specialized treatment requirements for patients identified in above camps and their follow up by MSWs & Nurses etc.

In the field of environment also, we have various future plans in the pipeline for improving waste management practices, organizing plantation drives at various THDCIL locations, organizing mass awareness sessions (organizing competition among students on various environment related themes, Environment Day celebrations etc.), developing environment compliance reporting calendar throughout THDCIL offices etc.

Our plans are dynamic and flexible in nature and have adaptability for execution with changing priorities.

Q. There were various environmental issues in the way of Tehri HEP, other ongoing projects and still in the way of projects under consideration. How were these issues handled and to be handled in future?

Ans. **Noody wants power projects but everybody wants Electricity. The list of the Environmental issues is endless. They all are not necessarily aroused out of environment concern only but have touch of public sentiments or social belief also. Such issues further added moral pressure on decision makers, experts and project developer to consider remedial measures not from scientific angle only but to address the public sentiments at the same time. Some of the prominent issues faced during the construction of Tehri Dam are Aviral Dhara (Free flowing water from the river Bhagirathi) and maintaining self purification capacity of River Bhagirathi etc. These issues were addressed with the involvement of various high level committees and institute like NEERI Nagpur. In Tehri HPP, continuous and uninterrupted discharge is being maintained downstream Tehri reservoir by an Aviral Dhara having discharge of 1 cumec. Regarding self preservation property of river Bhagirathi/ Ganga, NEERI revealed that Tehri Dam is not likely to affect the quality as it mimics like a static container which is conducive for conditions responsible to maintain the water quality.**

The various ongoing projects and proposed projects are facing bigger issues. The World Bank funded VPHEP has been subject to series of issues due to which the Forest Clearance was obtained in the year 2013, i.e. more than Six years even after the grant of Environment Clearance in 2007. We have been contesting several cases before the National Green Tribunal (NGT) and Hon'ble Supreme court. We are trying to implement the best management practices at sites and handling issues with utmost priority and care.

Proposed projects like Jhelam-Tamak HEP in District Chamoli has been withheld due to the embargo put upon by Hon'ble Supreme Court towards grant of any new Environment and Forest Clearance to HEPs in the Ganga Valley. We are making regular follow ups to address upon the issues. Recently, we have completed a Comprehensive Biodiversity Management Plan for the Jhelam-Tamak HEP as per the requirements made by the Expert Appraisal Committee, MoEF & CC, GoI.

Q. To what extent the corporation has fulfilled the aspirations of the beneficiaries by the CSR initiatives?

Ans. To be close to the public aspirations, comprehensive baseline & need assessment studies are conducted in the business operation areas through various reputed experts/agencies before launching CSR programmes. Accordingly, CSR plans are developed by prioritizing needs and through PRAs for intervention considering necessity and availability of funds. Public aspirations are more in remote areas due to difficult terrain, poor accessibility & infrastructure facilities, insufficient public amenities w.r.t. health, education etc. and less livelihood opportunities, hence THDCIL decided to begin with the remotest part first.

Q. Let us know about the awards received so ever in the field of CSR and Environment.

Ans. THDCIL's CSR efforts have been acknowledged at various prestigious forums. The organization has so far been honored and conferred with following awards / accolades of CSR field-

- Presented with "SCOPE (Standing Conference of Public Enterprises) Meritorious Award for CSR 2010-11".
- President of India presented Gold Trophy to the CMD THDCIL, on April 13th, 2012 on the Occasion of Public Sector Day, at Vigyan Bhawan, New Delhi.
- THDCIL also won "IPE (Institute of public Enterprise) award".
- "Universal Excellency Award" by Aqua Foundation in Dec, 2013.
- MOP also felicitated THDC for timely completion of toilet construction work under "Swach Vidyalaya Abhiyan".
- Award for innovative CSR practices by the "World CSR Congress" in 2016.
- CSR Community Initiative Award in May, 2017.
- India CSR Awards – Recognizing CSR Innovation and Leadership on 1st April, 2019.

परहित सरिस धरम नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।।
– रामचरित मानस

जैसा बोना वैसा पाना – You reap what you sow

आत्मापराधवृक्षस्य फलान्येतानि देहिनाम्।
दारिद्रयरोग दुःखानि बन्धनव्यसनानि च।।
– आचार्य चाणक्य

Poverty, disease, sorrow, imprisonment and bad habits – all are the fruits of the karma. You get what you sow.

Paper Presented in IEEE PES GTD Asia, 2019

A paper titled " Challenges in Reliable Power System Planning and Management with Large Scale Infusion of Renewable sources in India" jointly authored by Sh. R.K. Vishnoi, ED (Design) and Sh. L.P. Joshi, GM (EM-Design) was accepted for inclusion in the proceedings of IEEE PES GTD Asia, 2019. The paper was presented by Sh. L.P. Joshi, GM (EM-Design) on 21st March, 2019 in the international conference and exposition held at Bangkok International Trade and Exhibition Centre, Bangkok, Thailand. The paper outlines challenges involved with the large-scale infusion of renewable sources into Indian power system and possible solutions for managing its variability.

IEEE is the world's largest technical professional organization dedicated to advancing technologies. It is the most prestigious institution producing over 30% of the world's literature and standards in all aspects of electrical, electronics and computing fields. The guidelines and best practices issued by IEEE are extensively used by sector professionals during design and engineering of electromechanical equipment. The papers on latest trends in power generation techniques, utility and grid of the future were presented in the conference by various international experts.

टिहरी बांध परियोजना इंटर मीडिएट कॉलेज में छात्रों द्वारा प्रदर्शनी

टिहरी में 4 फरवरी 2019 को टिहरी बांध इन्टर कालेज भगीरथीपुरम् विद्यालय में छात्र–छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित एक प्रर्दशनी का आयोजन किया। इसका उद्घाटन श्री वीर सिंह अपर महाप्रबन्धक (का. एवं प्रशा.) द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा विज्ञान, कला, चिकित्सा, गणित, होम सांइस, हिन्दी, संस्कृत एंव योग से सम्बन्धित विषयों पर विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाये गये। श्री सिंह ने प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी होते हुए भी कड़ी मेहनत से संसाधन जुटा कर छात्र–छात्राओं ने अच्छे माडलों का निर्माण किया है।

